Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- बारां जिले में होमगार्ड के प्लाटून कमाण्डर गजेन्द्र सिंह के लिए अख्तर हुसैन होमगार्ड को 4000/– रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया, प्लाटून कमाण्डर को डिटेन कर पूछताछ जारी।

जयपुर, दिनांक 17 अक्टूबर, शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी कोटा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **गजेन्द्र सिंह प्लाटून कमाण्डर व दलाल अख्तर हुसैन होमगार्ड मांगरोल** को **4000/– रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी कोटा को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आरोपी गजेन्द्र सिंह प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड बारां द्वारा अपने दलाल अख्तर हुसैन होमगार्ड मांगरोल के मार्फत परिवादी को प्रशिक्षण से प्राप्त मानदेय में से आरोपी द्वारा अपना हिस्सा बतौर रिश्वत मांगा जा रहा है तथा रिश्वत नहीं देने पर परिवादी की भविष्य में होमगार्ड ड्यूटी नहीं लगाने की धमकी देकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा, **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री आनन्द शर्मा** के सुपरविजन तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री अनिष अहमद** एसीबी कोटा द्वारा ट्रेप कार्यवाही कर आरोपी होमगार्ड अख्तर हुसैन के द्वारा अपने अधिकारी प्लाटून कमांडर गजेन्द्र सिंह के लिए 4000/– रूपये की रिश्वत मांग के अनुसार ड्यूटी लगाने की एवज में प्राप्त की गई। प्लाटून कमांडर से रिश्वत राशि के संबंध में वार्ता करवाई जाने पर प्लाटून कमाण्डर गजेन्द्र सिंह ने रिश्वत राशि के संबंध में स्वीकृति प्रदान की जिस पर प्लाटून कमाण्डर को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ जारी है।

**श्री आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस** के सुपरविजन में आरोपीगण से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।